एक नजर में

विश्व कप में जडेजा की जगह पर संकट

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं. एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चयनकर्ताओं ने 2027 विश्व कप की अपनी योजना में जडेजा को फिलहाल शामिल नहीं किया है. ऐसे में अनुभवी ऑलराउंडर के प्रशंसकों की चिंता बढ़ गई है. हालांकि, विश्व कप में अभी काफी समय बाकी है और अंतिम टीम को लेकर तस्वीर आने वाले महीनों में ही साफ होगी. 2027 का वनडे विश्व कप अगले साल अक्टूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होना है. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी तैयार करने पर काम शुरू कर दिया है.

तिलक को मिल सकता है वनडे में मौका

नई दिल्ली. भारतीय टीम ने 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं और इसी बीच युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, टीम प्रबंधन और चयनकर्ता तिलक वर्मा को विश्व कप की संभावित टीम में शामिल करने पर विचार कर रहे हैं. उन्हें मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर के संभावित बैकअप के तौर पर तैयार किया जा सकता है. 2027 का वनडे विश्व कप अगले साल अक्टूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है. भारतीय टीम 2011 के बाद से वनडे विश्व कप नहीं जीत सकी है. 2023 में टीम फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने उसे खिताब से दूर कर दिया था. अब भारतीय टीम 16 साल बाद वनडे विश्व कप जीतने के लक्ष्य के साथ नई टीम तैयार करने में जुटी है.

इंग्लैंड ने पाक पर 357 रन की बढ़त बनाई



लंदन. लॉर्ड्स में तीन मैचों की आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज़ के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन, बारिश के कारण खेल छोटा होने के बावजूद इंग्लैंड ने पाकिस्तान पर अपनी बढ़त 357 रन तक पहुँचा दी. बारिश की वजह से खेल जल्दी रोकना पड़ा और दो-तिहाई से ज़्यादा ओवर नहीं हो पाए. मेज़बान टीम ने दिन की शुरुआत 81/3 के स्कोर से की थी. शनिवार को चार विकेट गंवाने के बावजूद उन्होंने अपनी मज़बूत स्थिति बनाए रखी और चौथे दिन अपनी बढ़त को और बढ़ाने की कोशिश करेंगे.

सोचा नहीं था टी-20 टीम से बाहर किया जाएगा

नयी दिल्ली. भारतीय टी-20 टीम के पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव ने माना कि जब उन्हें भारत की अंतरराष्ट्रीय टी-20 योजनाओं से बाहर किया गया तो वे हैरान रह गए थे. उन्होंने बताया कि वह 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और उसी साल होने वाले अगले टी-20 विश्व कप में टीम की कप्तानी करने की तैयारी कर रहे थे. जून में आयरलैंड और इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम से बाहर करने से कुछ समय पहले ही चयनकर्ताओं ने सूर्यकुमार को इसकी जानकारी दी थी. 35 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि इस फैसले ने उन्हें पूरी तरह चौंका दिया, खासकर तब जब उन्होंने इस साल मार्च में घरेलू मैदान पर टीम को टी-20 विश्व कप का खिताब जिताया था. सूर्यकुमार यादव ने यूट्यूब पर आकाश चोपड़ा के शो 'बैठ और बोल' में कहा, 'जब मैंने देखा कि मेरा नाम लिस्ट में नहीं है, तो मैं मुस्कुरा दिया.

मेसी के चार गोल से इंटर मियामी की रिकॉर्ड जीत

मॉन्ट्रियल को 7-1 से रौंदा, मियामी ने एक मैच में सर्वाधिक गोल का रचा इतिहास

19 मैचों में मेसी के 18 गोल

नवभारत न्यूज

मॉन्ट्रियल, 30 अगस्त. स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में सीएफ मॉन्ट्रियल को 7-1 से करारी शिकस्त दी.

शनिवार को खेले गए मुकाबले में मेसी ने चार गोल दागे और अपनी टीम को रिकॉर्ड जीत दिलाई. यह इंटर मियामी की ओर से किसी एक मैच में किए गए सबसे ज्यादा गोल हैं. 39 वर्षीय मेसी ने मुकाबले में अपनी गोल करने की क्षमता का एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई. मेसी ने मैच का अपना पहला गोल 40वें मिनट में किया. उनकी फ्री किक गोलकीपर से डिफ्लेक्ट होकर नेट में चली गई. इसके बाद 52वें मिनट में उन्होंने शानदार सोलो रन के बाद दूसरा गोल दागा. मेसी ने इसके बाद लुइस सुआरेज को गोल करने में मदद की और मैच में अपनी टीम की पकड़ मजबूत कर दी. निर्धारित समय के सात मिनट पहले उन्होंने गोलकीपर के ऊपर से बेहतरीन चिप शॉट लगाकर अपनी हैट्रिक पूरी की. मैच के अंतिम क्षणों में मेसी ने एक और फ्री किक को सटीक निशाने के साथ गोल में पहुंचाकर अपने चार गोल पूरे किए.

मेसी के शानदार करियर में यह आठवीं बार है जब उन्होंने किसी एक मैच में चार या उससे ज्यादा गोल किए हैं. इंटर मियामी में शामिल होने के बाद यह उनका पहला चार गोल वाला मुकाबला है. इससे पहले उन्होंने फरवरी 2020 में बार्सिलोना की ओर से स्पेनिश ला लीगा में ईबार के खिलाफ चार गोल किए थे. इस प्रदर्शन के साथ मेसी ने एमएलएस में भी एक और उपलब्धि हासिल की. वह नियमित सत्र में 20 से अधिक गोल वाले मुकाबलों तक सबसे तेजी से पहुंचने वाले खिलाड़ी बने हैं. उन्होंने यह उपलब्धि केवल 72 मैचों में हासिल की. मौजूदा सत्र में भी मेसी गोल करने के मामले में सबसे आगे हैं. उन्होंने 19 मैचों में 18 गोल किए हैं और एफसी डलास के पेटार मूसा से दो गोल आगे हैं.

भारत ने थाईलैंड को दिया 160 का लक्ष्य

शेफाली वर्मा ने जड़ा तूफानी अर्धशतक, 36 गेंदों में बनाए 64 रन

दुबई, 30 अगस्त. महिला एशिया कप टी20 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने थाईलैंड के सामने जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य रखा है. थाईलैंड की कप्तान थिपात्चा फुथावोंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था.

इसके जवाब में भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 159 रन बनाए. भारत की ओर से शेफाली वर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में 64 रन की शानदार पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगाए।

भारत ने मुकाबले की शुरुआत तेज अंदाज में की. शेफाली वर्मा ने शुरुआती ओवरों से ही थाई गेंदबाजों पर दबाव बनाया. स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने तेजी से रन बटोरे. हालांकि मंधाना 10 गेंदों में चार चौकों की मदद से 19 रन बनाकर रन आउट हो गईं. मंधाना के आउट होने के बावजूद शेफाली ने आक्रामक रुख जारी रखा.

भारत ने पावरप्ले के छह ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए. यह महिला टी20 एशिया कप के पावरप्ले में भारत का सबसे बड़ा स्कोर है. इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के नाम ही था, जब उसने 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ बिना विकेट गंवाए 59 रन बनाए थे।

शेफाली ने अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए महज 26 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया. उनकी तेजतर्रार पारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. हालांकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकीं और पांच रन बनाकर थिपात्चा फुथावोंग की गेंद पर आउट हो गईं।

इसके बाद थाईलैंड की गेंदबाज सुलीपोर्न लाओमी ने 13वें ओवर में भारत को लगातार दो बड़े झटके दिए. उन्होंने पहले शेफाली वर्मा को पवेलियन भेजा और अगली ही गेंद पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को खाता खोले बिना आउट कर दिया. शेफाली के आउट होने के बाद भारतीय पारी की रफ्तार अचानक धीमी पड़ गई।

भारत ने 137 रन के स्कोर तक पहुंचते-पहुंचते अपने नौ विकेट गंवा दिए. ऐसा लग रहा था कि टीम 150 रन के आंकड़े तक भी मुश्किल से पहुंच पाएगी. लेकिन श्री चरणी और क्रांति गौड़ ने आखिरी समय में उपयोगी साझेदारी की. दोनों ने 22 रन जोड़कर भारत को 159 रन तक पहुंचाया. क्रांति गौड़ ने आठ गेंदों में 15 रन बनाए, जबकि श्री चरणी छह रन बनाकर नाबाद रहीं।

इस मुकाबले के जरिए प्रतिका रावल ने भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया.

मैच से पहले कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उन्हें डेब्यू कैप प्रदान की. प्रतिका के चयन को लेकर हाल के दिनों में काफी चर्चा रही थी और आखिरकार उन्हें भारत की टी20 टीम में पदार्पण का मौका मिला।

वहीं, स्मृति मंधाना ने अपनी 19 रन की पारी के दौरान महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की. वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं. अब उनसे आगे केवल भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज हैं.

भारत अब गेंदबाजों के दम पर थाईलैंड को रोककर महिला एशिया कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगा।

स्मृति मंधाना ने सूजी बेट्स को पीछे छोड़ा

स्मृति मंधाना ने अपनी 19 रन की पारी के दौरान महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब उनसे आगे केवल भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज हैं.

15 साल के वैभव सूर्यवंशी बने दलीप ट्रॉफी में कप्तान

नवभारत न्यूज

बेंगलुरु, 30 अगस्त भारतीय क्रिकेट के युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 साल की उम्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है. दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन के चोटिल होकर मैदान से बाहर जाने के बाद वैभव सूर्यवंशी ने टीम की कप्तानी संभाली. यह पहली बार है जब वैभव ने किसी सीनियर घरेलू क्रिकेट मुकाबले में कप्तान की जिम्मेदारी निभाई है.

बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जा रहा है. ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले सत्र में सेंट्रल जोन ने दो विकेट पर 62 रन बनाए थे. इसी दौरान 19वें ओवर में विकेटकीपिंग करते हुए किशन की दाईं कलाई में चोट लग गई.

फिजियो ने मैदान पर पहुंचकर उनकी जांच की, लेकिन दर्द कम नहीं हुआ. इसके बाद किशन मैदान से बाहर चले गए.

बाद में उनकी कलाई पर स्ट्रैपिंग भी की गई. उनकी अनुपस्थिति में कुमार कुशाग्र ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली, जबकि टीम की कमान उपकप्तान वैभव सूर्यवंशी को सौंप दी गई. वैभव के लिए यह मौका इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने अभी तक सिर्फ नौ प्रथम श्रेणी मुकाबले खेले हैं. इतनी कम उम्र और सीमित अनुभव के बावजूद उन्हें सीनियर घरेलू क्रिकेट में टीम

अब इस मुकाबले में वैभव से बल्ले से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी. दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में वह पहली पारी में सिर्फ आठ रन बना सके थे, लेकिन गेंदबाजी में उन्होंने प्रभाव छोड़ा था. उन्होंने तीन ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लिए थे. ईस्ट जोन ने वह मुकाबला पारी और 210 रन से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी. वैभव ने टी20 क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी से खास पहचान बनाई है. आईपीएल 2026 में उन्होंने 776 रन बनाए थे. इसके बाद उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली और जिम्बाब्वे दौरे पर उन्होंने तीन टी20 मैचों में 151 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता. अब उनके लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खुद को साबित करना बड़ी चुनौती है.

मैराथन : एडिसु गोबेना ने जीता पुरुष वर्ग का खिताब

नवभारत न्यूज

सिडनी, 30 अगस्त इथियोपिया के एडिसु गोबेना ने रविवार को सिडनी मैराथन 2026 में पुरुषों का एलीट खिताब हासिल कर पिछले साल जीते अपने रजत पदक को रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण में तब्दील कर दिया.

आज यहां आयोजित मैराथन में 21 साल के गोबेना ने दो घंटे, चार मिनट और 42 सेकंड (2:04:42) में शानदार अंदाज़ में रेस पूरी की और पिछले कोर्स रिकॉर्ड को लगभग डेढ़ मिनट से तोड़ा. उनके हमवतन चिमडेसा डेबेले उनसे तीन सेकंड पीछे रहे, जबकि लेसोथो के टेबेलो रामाकोंगोआना (2:04:57) ने तीसरा स्थान हासिल किया. पोडियम पर आने वाले तीनों धावकों ने पिछला कोर्स रिकॉर्ड तोड़ा. वहीं, मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन पेरेस जेपचिरचिर ने महिलाओं की रेस 2:18:31 के समय में जीती. वह सिफान हसन के कोर्स रिकॉर्ड से सिर्फ़ नौ सेकंड पीछे रह गईं. पुरुषों के एलीट ग्रुप में शामिल कई धावकों ने शुरुआती पांच किलोमीटर की दूरी 14 मिनट 30 सेकंड के तेज़ समय में पूरी की; लीडर्स में मौजूदा चैंपियन हेलेमरियम किरोस और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अल्फोंस सिम्बु भी शामिल थे. आधी दूरी तक पहुंचते-पहुंचते, लीडर्स किरोस के पिछले साल बनाए गए कोर्स रिकॉर्ड से 30 सेकंड से भी कम समय में दौड़ रहे थे.

पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाले रामाकोंगोआना ने रेस खत्म होने से 15 किलोमीटर से कुछ ज्यादा दूरी बाकी रहते हुए बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही कदम बाद बाकी धावकों ने उन्हें पकड़ लिया. रेस खत्म होने में सात किलोमीटर से कुछ ज्यादा दूरी बाकी रहने पर छह पुरुष धावक मुकाबले में बने हुए थे. डेबेले ने पूरी ताकत झोंक दी, जबकि मौजूदा चैंपियन किरोस उनके ठीक पीछे बने हुए थे. रेस के आखिरी कुछ किलोमीटर में गोबेना और डेबेले के बीच कड़ी टक्कर हुई, जिसके बाद गोबेना आगे निकल गए और सिडनी ओपेरा हाउस में पहला स्थान हासिल करते हुए रेस पूरी की.

रोजर फेडरर इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल

न्यूपोर्ट. टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर ने न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड में इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ़ फ़ेम में शामिल होने का जश्न मनाया. इस दौरान उन्होंने उस खेल के लिए एक 'प्रेम पत्र' जैसा भाषण दिया जो उनके लिए 'सब कुछ' था और वे अपनी भावनाओं (आंसुओं) को रोकते हुए नज़र आए. टेनिस के दिग्गजों, अपने परिवार और चाहने वालों के बीच, फेडरर ने शनिवार की शाम एक लंबा भाषण दिया - जिसने उनके शानदार करियर की बेहतरीन यादें ताज़ा कर दीं, लोगों को हंसाया और कई बार, खुद स्विस खिलाड़ी समेत कई लोगों की आँखों में आँसू ला दिए.

पूर्व ने मध्य क्षेत्र को 266 स्कोर पर समेटा

नवभारत न्यूज

बेंगलुरु, 30 अगस्त मुकेश कुमार और अभिजीत सरकार (तीन-तीन विकेट) तथा मोहम्मद शमी और कुनैन क़ुरैशी (दो-दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पूर्वी क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में रविवार को स्टंप्स के समय मध्य क्षेत्र की पारी को 266 रनों के स्कोर पर समेट दिया.

आज यहां पूर्वी क्षेत्र ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी मध्य क्षेत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 36 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये. अमन मोखाड़े (आठ), कुणाल चंदेला (छह) रन बनाकर आउट हुये. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान रजत पाटीदार ने सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया. 27वें ओवर में मुकेश कुमार ने रजत पाटीदार (12) रन को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया. 40वें ओवर में मुकेश कुमार ने आर्यन जुयाल को आउट किया. जुयाल ने 113 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (46) रन बनाये.

रिंकू सिंह ने 88 गेंदों में आठ चौकों की मदद से सर्वाधिक (60) रनों की पारी खेली. यश राठौर (27) और हर्ष दुबे (27) रन बनाकर आउट हुये. सारांश जैन (13) और अरशद खान (एक) रन बनाकर आउट हुये. 81वें ओवर की पहली गेंद पर अभिजीत सरकार ने आर्यन पांडे (22) रन को आउट कर 266 रनों के स्कोर पर मध्य क्षेत्र की पारी का अंत किया. यश ठाकुर 25 गेंदों में (30) रन बनकर नाबाद रहे.

रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से बाहर

नवभारत न्यूज

जोहानसबर्ग, 30 अगस्त वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की दक्षिण अफ्रीका की कोशिशों में अहम भूमिका निभाने की कैगिसो रबाडा की उम्मीदें उनकी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण अधर में लटकी हुई दिख रही हैं. वह पहले ही अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ होने वाली वनडे सीरीज़ से बाहर हो चुके हैं.

21 अगस्त को सीएसए ने कहा था कि रबाडा का 'विंटर ट्रेनिंग प्रोग्राम तब बाधित हो गया जब उन्हें इस हफ़्ते की शुरुआत में ट्रेनिंग के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई. अभी प्रोटियाज़ की मेडिकल टीम उन पर नज़र रख रही है और आगे भी उनकी जांच की जाएगी.'

रविवार को अफ्रीकी भाषा की वेबसाइट 'रैपोर्ट' ने एलन डोनाल्ड (जो लायंस टीम में रबाडा के बॉलिंग कोच हैं) के हवाले से कहा, 'हमारे फिजियो ने पुष्टि की है कि दाहिनी हैमस्ट्रिंग में ग्रेड-3 टियर (गंभीर चोट) के कारण वह 9 या 10 हफ़्ते तक खेल से दूर रहेंगे.' इससे उस अस्पष्ट बयान में काफ़ी स्पष्टता आ गई.

अगर यह सच है, तो रबाडा अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ दक्षिण अफ्रीका के तीन टेस्ट मैचों में से ज़्यादातर या सभी मैचों से बाहर हो सकते हैं. 21 अगस्त से 10 हफ़्ते गिनने पर 16 अक्टूबर की तारीख आती है.

दलीप ट्रॉफी कावेरप्पा ने झटके चार विकेट, पहले दिन गेंदबाजों का रहा दबदबा

उत्तर की टीम 195 पर ढेर, दक्षिण क्षेत्र 40/2

नवभारत न्यूज

बेंगलुरु, 30 अगस्त विधवत कावेरप्पा की अगुवाई में दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दलीप ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन उत्तर क्षेत्र को 195 रन पर समेट दिया. रविवार को खेले गए मुकाबले में दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा.

जवाब में दक्षिण क्षेत्र ने दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 40 रन बना लिए हैं. वह पहली पारी के आधार पर उत्तर क्षेत्र से अभी 155 रन पीछे है. पहले दिन कुल 12 विकेट गिरे और गेंदबाजों का दबदबा साफ नजर आया.

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे उत्तर क्षेत्र की शुरुआत खराब रही.

सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान महज 10 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद आयुष डोसेजा और कामरान इकबाल ने पारी को संभालने की कोशिश की. दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े. हालांकि 17वें ओवर में कावुरी साईतेजा ने डोसेजा को 23 रन पर आउट कर साझेदारी तोड़ दी. इसके बाद दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने लगातार विकेट हासिल किए और उत्तर क्षेत्र की पारी लड़खड़ा गई.

आयुष बदोनी सिर्फ दो रन बनाकर त्यागराजन का शिकार हुए. अब्दुल समद 16, निशांत संधू पांच, आबिद मुश्ताक एक और अंशुल कम्बोज दो रन ही बना सके. कप्तान कन्हैया वधावन ने 35 रन का योगदान दिया. एक छोर पर टिके कामरान इकबाल ने शानदार अर्धशतक पूरा किया और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने की कोशिश की. वह 59वें ओवर में नौवें विकेट के रूप में आउट हुए. इकबाल ने 182 गेंदों का सामना करते हुए 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 76 रन बनाए. अगले ही ओवर में एमडी निधीष ने गुरनूर बराड़ को शून्य पर आउट कर उत्तर क्षेत्र की पारी 195 रन पर समाप्त कर दी.